एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

ऐक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने शेयर किया मीटू एक्सपीरियंस

इस साल मीटू अभियान ने बॉलिवुड को हिला कर रख दिया। अमेरिका से लौटकर ऐक्ट्रेस तनुश्री दत्ता ने नाना पाटेकर पर दस साल पहले एक फिल्म के सेट पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। इसके बाद कई ऐक्ट्रेस-मॉडल ने अपनी आपबीती बतानी शुरू की और यौन उत्पीड़न के आरोपों में कई बड़े चेहरे घिरते नजर आए। ऐसा लग रहा है कि मीटू का असर अभी खत्म नहीं हुआ है। अब ऐक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने अपना अनुभव शेयर किया है।

अदिति ने एक टीवी चैनल से बातचीत में बताया कि जब वह नई-नई आई थीं तो उन्हें कॉम्प्रोमाइज करने के लिए कहा गया था। हालांकि, उनको यह फैसला लेने में देर नहीं लगी कि वह ऐसा नहीं करेंगी। अदिती ने कहा कि इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री में काम मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। उन्होंने कहा कि वह खुशकिस्मत हैं कि उनकी टीम की वजह से उन्हें फिर से काम मिल सका।

अदिति ने यह भी सलाह दी कि यौन उत्पीड़न के शिकार लोगों को समय देना चाहिए और जब वे अपनी बात कहें तो उन्हें सुनना चाहिए। अदिति बॉलिवुड की बेबाक ऐक्ट्रेसस में से एक हैं। वह इंडस्ट्री में फैले कास्टिंग काउच पर भी अक्सर खुलकर बोलती आई हैं। मीटू अभियान के दौरान भी उन्होंने आरोप लगाया था कि कई लोग जो इसे सपॉर्ट कर रहे हैं वे खुद ही हैरेसर हैं। अदिति राव हैदरी तमिल फिल्म इंडस्ट्री में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। वह अपने लाजवाब फैशन सेंस के कारण भी चर्चा में रहती हैं। अदिति फिल्म पद्मावत में रणवीर सिंह के ऑपोजिट नजर आई थीं।

वरूण-कैटरीना के साथ डांस फिल्म बनायेंगे रेमो

बॉलीवुड के जाने माने निर्देशक और कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा, वरूण धवन और कैटरीना कैफ को लेकर डांस पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे हैं।

रेमो ने उनकी कैटरीना और वरुण स्टारर अगली फिल्म के बारे में बताया है। इस फिल्म में उनके शिष्य रहे पुनीत, शक्ति, सलमान और राघव भी होंगे। वहीं इस फिल्म में प्रभुदेवा भी एक नए अंदाज में नजर आयेंगे। यह फिल्म एक स्ट्रीट फिल्म होगी जिसमें कोई भी स्टेज या मंच नहीं होगा। पूरी फिल्म की शूटिंग लंदन में होगी।

रेमो ने कहा,मेरी जो अगली डांस फिल्म है वह जनवरी से शूट होना शुरू होगी। सबको पता है उसमें कैटरीना और वरुण हैं। हालंकि यह एबीसीडी का अगला भाग नहीं है। यह एक दूसरी डांस फिल्म है। इसमें जो एक्टर है वह पुनीत, शक्ति, सलमान और प्रभुदेवा होंगे। इस बार जो डांस फिल्म होगी वह बड़े लेवल पर होगी। इस बार डांसिंग स्टाइल जो है वह स्ट्रीट है जो कि नया है इसमें स्टेज नहीं होगा और पूरी फिल्म लंदन में शूट होगी। वरुण और कैटरीना को साथ लेने का बहुत बड़ा कारण है। जो जब आप फिल्म देखेंगे तब आपको पता चलेगा।

कृति सैनन की मछलियों संग मस्ती, स्कूबा डाइविंग का विडियो किया शेयर



ऐक्ट्रेस कृति सैनन इन दिनों अपनी फैमिली के साथ मालदीव में छुट्टियां मना रही हैं। इस दौरान की कई तस्वीरें वह फैन्स के साथ सोशल मीडिया के जरिए साझा कर रही है। हाल ही में ऐक्ट्रेस ने पहली बार स्कूबा डाइविंग का भी मजा लिया। इसकी भी तस्वीरें और विडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किए।

कृति इन फोटो व विडियो को शेयर करते हुए लिखा, मेरा स्कूबा डाइविंग का पहला अनुभव और यह बेहतरीन रहा। सुमेर वर्मा आपको मिस किया। मैं यह करने में सहज रही क्योंकि आपने मेरा पानी का डर दूर करने में आपने मेरी काफी मदद की। उन्होंने आगे लिखा, मेरी अगली स्कूबा डाइविंग आपके साथ ही होगी।

शेयर हुए विडियो और फोटोज में कृति मछलियों के साथ मस्ती करते हुए और समुद्र के अंदर की दुनिया का मजा लेते हुए नजर आ रही हैं। इस दौरान उनकी खुशी भी साफ जाहिर होती दिखी।

बहन का विडियो भी किया शेयर

कृति सैनन ने अपनी बहन नूपुर सैनन का भी एक विडियो फैन्स के साथ शेयर किया है। इस विडियो में नूपुर साल 1964 में आई फिल्म वो कौन थी का हिट सॉन्ग लग जा गले गाते हुए दिखाई दे रही हैं। जिस अंदाज में कृति ने विडियो को शेयर किया है उससे साफ है कि वह भी अपनी बहन की मधुर आवाज की फैन हैं।

कृति के फैन्स भी नूपुर की जमकर तारीफ करते दिखे। एक यूजर ने लिखा कि आपकी आवाज बहुत प्यारी है। एक अन्य ने लिखा, आपकी आवाज को सुन आपको गले लगाने का मन कर रहा है।